2026

HINDI

(Modern Indian Language)

Full Marks : 100

Pass Marks : 33

Time : Three hours

साधारण निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के छः खण्ड हैं : क, ख, ग, घ, ङ, च।

(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।

(iv) उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।

खण्ड – 'क'

(पद्य – 8+12 = 20 अंक)

1. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) मैं नवागंतक हूँ
मेरा यही अपराध है कि
मैं सैनिक - की वेश-भूषा में आया हूँ
अगर मैं जन्म की पोशाक में आता
तो वे स्वीकार ही नहा करते।

अथवा

(ख) तनो
अकड़ो
अमरबेलि की तरह मत जिओ,
जड़ पकड़ो।

निर्देश : प्रश्न-संख्या 2 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 3 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 4 और 5 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 6 का उत्तर एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 7 और 8 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

2. रहिमन वे नर मर चुके जो कहुँ माँगन जाहिं।

उनते पहले वे मरे, जिन मुख निकसत नाहिं।।

— रहीम के उपर्युक्त दोहे में निहित भाव स्पष्ट कीजिए। 4

3. कवि नागार्जुन कालिदास के प्रति कौन-कौन-सी बातें सच-सच बतलाने के लिए पूछता है? 3

4. 'आगे बढ़ते जाना मेरे जीवन का व्यापार है।'

— बनजारे के उपर्युक्त कथन में निहित भाव स्पष्ट कीजिए। 2

5. 'अब लौ नसानी अब न नसैहा।

राम कृपा भव-निसा सिरानी जागे फिर न डसैहा।।'

— तुलसीदास की उपर्युक्त पंक्तियों में निहित भाव स्पष्ट कीजिए। 2

6. तुलसीदास का आराध्य देव कौन है? 1

7. रहीम किस काल के कवि थे? 1

(क) आदिकाल के (ख) भक्तिकाल के

(ग) रीतिकाल के (घ) आधुनिक काल के

8. 'फूटपाथ' कविता का रचयिता कौन है? 1

(क) नागार्जुन (ख) पवित्र मुखोपाध्याय

(ग) थाङ्जम इबोपिशक सिंह (घ) धूमिल

खण्ड - 'ख'

(गद्य - 25 अंक)

9. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) जो शक्ति के मद में उन्मत्त है, असली काम तो उसका मद उतारने और उसमें कर्तव्य-भावना का प्रकाश जगाना है। हम स्वीकार कर कि मद उसका टक्कर पाकर, चोट पाकर ही उतरेगा।

अथवा

(ख) असमीया संकोची, किन्तु स्वाभिमानी, अजनबी से खिंचने वाले, पर परिचय हो जाने पर बड़े मिलनसार होते ह। जीवन से उन्हें गहरा प्रेम है, पर महत्वाकांक्षा उनमें लगभग नहा होती। जीवन के आस्वादों से विरत वे कदापि नहा हैं; लेकिन उसके लिए किसी चीज पर लोभ वे नहा करते।

10. (क) 'पत्नी' कहानी अथवा (ख) 'साहित्यिक की मूर्तिपूजा' पाठ का सारांश लगभग 160 शब्दों में लिखिए। 7

निर्देश : प्रश्न-संख्या 11 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 12 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 13 का उत्तर लगभग 25 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 14 का उत्तर एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 15 और 16 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

11. "'पत्नी' स्त्रियों की वास्तविक दशा का चित्रण करने वाली कहानी है।"

— 'पत्नी' कहानी के आधार पर उपर्युक्त कथन को स्पष्ट कीजिए। 4

12. युबी लाकपी खेल कैसे खेला जाता है? 3

13. 'एड्स' आधुनिक चिकित्सकीय त्रासदी क्यों है? 2

14. माजुली क्या है? 1

15. 'संघर्ष ही में प्रतिभा को बल मिलता है, मनुष्य श्रेष्ठ से श्रेष्ठतर होता जाता है।'

— उपर्युक्त कथन कौन-से पाठ से उद्धृत किया गया है? 1

(क) 'पत्नी' से (ख) 'मणिपुर के प्रमुख प्राचीन खेल' से

(ग) 'साहित्यिक की मूर्तिपूजा' से (घ) 'कामाख्या की छाया में' से

16. 'किशोरावस्था और एड्स' पाठ का लेखक कौन है? 1

(क) इबोहल सिंह काङ्जम (ख) अज्ञेय

(ग) माखनलाल चतुर्वेदी (घ) लनचेनबा मीतै

खण्ड - 'ग'

(पूरक पाठ्य पुस्तक - 15 अंक)

निर्देश : प्रश्न-संख्या 17 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 18 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 19 और 20 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 21 और 22 के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 23 और 24 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

17. 'विज्ञान के चमत्कार ने मनुष्य जाति का कल्याण किया है।'

— उपर्युक्त कथन कहाँ तक सही है? पठित पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 4

18. मौर्य-संस्कृति की क्या-क्या विशेषताएँ ह? 3

19. दफ्तर के लोग विजयकृष्ण से क्यों असंतुष्ट थे? 2

20. वैदिक संस्कृति की विशेषताएँ क्या-क्या ह? 2

21. भारत में प्रचलित संहिताओं के नाम लिखिए। 1

22. त्रिवेणी ने अपनी माँ से पैसा क्यों माँगा? 1

23. महाकवि कालिदास ने कितनी काव्य-कृतियाँ लिखी थीं? 1

(क) तीन (ख) चार

(ग) पाँच (घ) छः

24. 'विधाता' कहानी का लेखक कौन है? 1

(क) अज्ञेय (ख) जैनेन्द्रकुमार

(ग) सुदर्शन (घ) विनोदशंकर व्यास

खण्ड - 'घ'

(वाचन - 10 अंक)

निर्देश : प्रश्न-संख्या 25, 26 और 27 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 28, 29 और 30 के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में तथा प्रश्न-संख्या 31 का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

25. बरवै छन्द का लक्षण सोदाहरण लिखिए। 2

26. गीतिका छन्द का लक्षण सोदाहरण लिखिए। 2

27. श्लेष अलंकार की परिभाषा सोदाहरण लिखिए। 2

28. व्यतिरेक अलंकार का एक उदाहरण लिखिए। 1

29. छन्द के प्रकारों के नाम लिखिए। 1

30. 'सुधि आए सुधि जाए'

— उपर्युक्त पंक्ति में निहित अलंकार का नाम लिखिए। 1

31. जहाँ किसी वस्तु या बात का वर्णन इतना बढ़ा-चढ़ाकर किया जाए कि लोकसीमा का अतिक्रमण होने लगे, वहाँ कौन-सा अलंकार होता है? 1

(क) यमक (ख) अतिशयोक्ति

(ग) रूपक (घ) उपमा

खण्ड - 'ङ'

(लेखन - 15 अंक)

32. (क) मान लीजिए कि आप किसी हाई स्कूल के प्रधान अध्यापक ह ? आपके स्कूल में एक हिन्दी अध्यापक का पद खाली है। इस पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन-पत्र आमन्त्रित करते हुए आप एक विज्ञापन लिखिए।. 8

अथवा

(ख) मान लीजिए कि आप किसी कॉलेज के प्रिंसिपल हैं। आपके कॉलेज में एक कैमिस्ट्री प्रोफसर का पद खाली है। इस पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन-पत्र आमन्त्रित करते हुए आप एक विज्ञापन लिखिए।

P.T.O.

33. (क) मान लीजिए कि आप मणिपुर के किसी लोकप्रिय दैनिक समाचार-पत्र के सम्पादक ह। आजकल मणिपुर के प्रमुख बाजारों में आवश्यक खाद्य चीजों का मूल्य दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। इस सम्बन्ध में आप अपने समाचार-पत्र में छपाने लायक एक लेख लिखिए। 7

अथवा

(ख) मान लीजिए कि आप इम्फल के किसी दैनिक समाचार-पत्र के सम्पादक हैं। पिछले साल भीषण बाढ़ आने के कारण मणिपुर के अधिकांश खेतों की फसलें प्राय: नष्ट-भ्रष्ट हो चुकी हैं। इस सम्बन्ध में आप अपने समाचार-पत्र में छपाने लायक एक लेख लिखिए।

खण्ड - 'च'
(व्याकरण - 15 अंक)

निर्देश : प्रश्न-संख्या 34 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 35 और 36 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 37, 38 और 39 के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में तथा तथा प्रश्न-संख्या 40 से 44 तक के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

34. सन्धि और समास का अन्तर सोदाहरण लिखिए। 3

35. बहुब्रीहि समास किसे कहते हैं? सोदाहरण उत्तर लिखिए। 2

36. मुहावरा किसे कहते हैं? एक उदाहरण देकर उसका अर्थसहित वाक्य-प्रयोग कीजिए। 2

37. यद्यपि मोहन धनी है तथापि बहुत दुखी है।

— उपर्युक्त मिश्रित वाक्य को संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए। 1

38. श्याम आया और चला गया।

— उपर्युक्त संयुक्त वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए। 1

39. तद्भव शब्द 'कान' का तत्सम रूप लिखिए। 1

40. निम्नलिखित में से 'कफन सिर पर बाँधे फिरना' मुहावरे का सही अर्थ कौन-सा है? 1

(क) जान से मार डालना (ख) जानते-बूझते अपने को मुसीबत में डालना

(ग) मरने के लिए तैयार हो जाना (घ) बहुत अधिक घबड़ा जाना

41. निम्नलिखित में से 'सोच-समझकर काम करना' अर्थ के लिए सही मुहावरा कौन-सा है? 1

(क) जमीन आसमान एक करना (ख) आग बबूला होना

(ग) पसीना-पसीना होना (घ) फूँक-फुँक कर पैर रखना

42. निम्नलिखित में से 'उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे' लोकोक्ति का सही अर्थ कौन-सा है? 1

(क) दोनों ओर मुसीबत देखकर दुविधा में पड़ना। (ख) अपराध करने वाला उल्टी धास जमाए।

(ग) दूसरों को उपदेश देने वाले बहुत होते ह। (घ) भारी संकट में पड़ना।

43. निम्नलिखित में से 'हाथ कंगन को आरसी क्या' लोकोक्ति का सही अर्थ कौन-सा है? 1

(क) बुरे स्वभाव के लोग जल्दी दोस्त हो जाते ह।

(ख) सच्ची बात के लिए सबूत नहा चाहिए।

(ग) मुसीबत पर मुसीबत पड़ना।

(घ) मिलकर काम करने से बड़ी शक्ति आ जाती है।

44. निम्नलिखित में से 'मूर्ख गुणों की कदर नहीं करता' अर्थ के लिए सही लोकोक्ति कौन-सी है? 1

(क) बन्दर क्या जाने अदरक का स्वाद? (ख) नौ दिन चले अढ़ाई कोस।

(ग) एक हाथ से ताली नहीं बजती। (घ) चोर की दाढ़ी में तिनका।
